कार्यालय प्रधानाचार्य, सरोजिनी नायडू चिकित्सा महाविद्यालय, आगरा।

पत्रांकः छात्र/पी0जी0/सु0स्पे0/सीनि0रे0जी0–2023–24/2023/406 दिनांकः 18/10/2023

सेवायोजन विज्ञप्ति

एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा के सुपर स्पेशियलिटी विभागों में सीनियर रेजीडेन्ट के पदों पर वेतनमान रूपये 15600–39100 एवं ग्रेड वेतन रू0 6600.00, पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स 67700–208700 प्रतिमाह में वाक–इन–इन्टरव्यू (Walk-in-Interview) के आधार पर एक वर्ष अथवा इससे पूर्व शासन/महानिदेशालय से अन्य कोई निर्देश/आदेश प्राप्त होने तक जो भी पहले घटित हो तक के लिए चयन किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र के साथ अपने समस्त मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, अन्य सम्बन्धित प्रमाण पत्रों एवं उनकी एक–एक स्व–प्रमाणित छायाप्रतियों सहित साक्षात्कार हेतु **दिनांकः 25.10.2023** को प्रधानाचार्य, एस0एन0 मेडिकल कॉलेज, आगरा के कार्यालय में **प्रातः 11.00 बजे** उपस्थित हों। पदों का विवरण नीचे तालिका में दर्शाया जा रहा है।

पदों का विवरण

क्र0 स0	विभाग का नाम	अनुसूचित जाति	अनु0 जनजाति	अ0पि0व0	ई0डब्लू0एस0	सामान्य	कुल योग
1	एनेस्थीसिया	01	––	01	–	02	04
2	कार्डियोलोजी	01	–	01	–	01	03
3	कार्डियों–वेसक्यूलर एण्ड थोरेसिक सर्जरी	–	–	01	–	02	03
4	क्रिटिकल केयर (आई0सी0यू0)	01	–	01	01	01	04
5	न्यूरोलोजी	01	–	01	–	02	04
6	न्यूरो–सर्जरी	01	–	01	01	–	03
7	नेफ्रोलोजी	–	01	01	–	02	04
8	मेडिकल गेस्ट्रोएन्ट्रोलोजी	01	–	–	01	01	03
9	यूरोलोजी	01	–	01	–	02	04
10	रेडियोडायग्नोसिस	01	–	01	–	02	04
11	सर्जीकल गेस्ट्रोएन्ट्रोलोजी	–	–	02	01	01	04
	कुल योग	08	01	11	04	16	40

चयन सम्बन्धित विशिष्टता में एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0/डी0एम0/एमसी0एच0 अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण बैच–2023 से किया जायेगा। यदि इस बैच से उत्तीर्ण किसी भी श्रेणी में अभ्यर्थी उपलब्ध नही होते हैं, तो क्रमशः इससे पूर्व के बैच से चयन किया जायेगा, लेकिन जो अभ्यर्थी सीनयिर रेजीडेन्ट के पद पर एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके होंगे, उन पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों का चयन उनके द्वारा नीट पी0जी0/नीट एस0एस0 प्रवेश परीक्षा में प्राप्त ऑल इण्डिया रैंक के आधार पर किया जायेगा। अभ्यर्थियों का एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0/डी0एम0/एमसी0एच0 अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा की विशिष्टता का एम0सी0आई0/एन0एम0सी0/स्टेट मेडिकल काउंसिल में स्थाई पंजीकरण होना अनिवार्य है। डी0एम0/एमसी0एच0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को चयन में वरीयता प्रदान की जायेगी।

अभ्यर्थियों के चयन में आरक्षण उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग–2 संख्याः 5/2019/4/1/2002/का–2/2019टी.सी.1 दिनांक 13 अगस्त, 2019 के अनुसार लागू है। दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को क्षैतिज आरक्षण उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार देय होगा। जिन अभ्यर्थियों ने एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0/डी0एम0/एमसी0एच0 अथवा समकक्ष परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की होगी, उन्हें वरीयता प्रदान की जायेगी। निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के छात्र अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है अथवा कालेज की बेबसाइट www.snmcagra.ac.in से डाउन–लोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र साक्षात्कार के समय साथ लायें। भविष्य में पद रिक्त रहने पर माह के प्रत्येक मंगलवार को साक्षात्कार आयोजित होते रहेगें। पदों की संख्या घट–बढ सकती है।

आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य है एवं साक्षात्कार के समय मूल रूप में लाना अनिवार्य है।

1. हाईस्कूल प्रमाणपत्र 2. एम0बी0बी0एस0 अंकतालिकाएं 3. इन्टर्नशिप कम्पलीसन सर्टिफिकेट 4. एम0बी0बी0एस0 तथा एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0/डी0एम0/एमसी0एच0 उत्तीर्ण परीक्षा का परमानेन्ट मेडिकल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 5. एम0बी0बी0एस0 डिग्री 6. एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0/डी0एम0/एमसी0एच0 अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा प्रमाणपत्र व अटैम्पट सर्टिफिकेट 7. एम0डी0/एम0एस0/डी0एन0बी0/डी0एम0/एमसी0एच0 उत्तीर्ण परीक्षा की डिग्री व अंकतालिका 8. नीट पी0जी0/नीट एस0एस0 रैंक लैटर 9. आरक्षित श्रेणी का वैध प्रमाणपत्र। (ओ0बी0सी0 एवं ई0डब्लू0एस0 श्रेणी के अभ्यर्थियों का प्रमाणपत्र 01 अप्रैल, 2023 के उपरान्त का होना चाहियें) ।

प्रधानाचार्य,
एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा।

E:\NOTICE.DOCX